सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# मिशन शिक्षण संवाद

## प्राथमिक विद्यालय गजोधरपुर
## वि0क्षे0-सिधौली, सीतापुर (उ0प्र0)
अजय सिंह (सहायक अध्यापक)

## ग्रीष्म कालीन गृह कार्य (कक्षा-4)

# सत्र 2019-20

प्रिय अभिभावक महोदय,

आपके पाल्य के शैक्षिक उत्थान हेतु ग्रीष्मकालीन गृह कार्य मात्र 20 दिन का दिया जा रहा है जब कि 44 दिन का अवकाश है।

अतः अपने पाल्य को गृह कार्य करने के लिए प्रेरित करें जिससे कि पाल्य जब 1 जुलाई को विद्यालय आये तो सब कुछ भूल कर न आये। यदि आप हर कदम में विद्यालय के सहयोगी बने रहें तो आपका पाल्य भी एक सुयोग्य नागरिक बनेगा यह विद्यालय परिवार का संकल्प है। संकल्प को साकार रूप देने के लिए सार्थक प्रयास भी करने पड़ते हैं और यह प्रयास हम और आप मिलकर ही कर सकते हैं।

धन्यवाद!

प्रिय विद्यार्थियों

आपके लिए स्वर्णिम भविष्य की आधार शिला हेतु कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश निम्नवत् हैः-

1- प्रति दिन एक पेज सुलेख हिन्दी व अंग्रेजी में लिखें व 20 तक पहाड़ा याद कर प्रति दिन लिखें।
2- दैनिक श्यामपट्ट सन्देश कार्य का पुनरभ्यास करें।
3- प्रतिदिन 2 पेज हिन्दी की किताब अवश्य ही पढ़ी जाये।
4- सम्पूर्ण गृह कार्य करने वाले प्रत्येक बच्चे को पुरस्कृत किया जायेगा।
5- 1 जुलाई से ही शत् प्रतिशत उपस्थिति की अपेक्षा की जाती है।

सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें।

# व्यावहारिक गृह कार्य

| | |
|---|---|
| 1. | घर के आस–पास छाये में एक कुंडा या पात्र रखें जिसमें प्रतिदिन पानी भरें जिससे गर्मी में प्यास से व्याकुल पशु–पक्षी पानी पी सके। |
| 2. | ग्रीष्मावकाश में अपने मामा नाना, मौसी या अन्यत्र जहां भी घूमने जायें वहां के बारे में 10 वाक्य लिखें। |
| 3. | अपने दादा, दादी, नाना, नानी या किसी गांव के बुजुर्ग से कोई कहानी सुने व फिर लिखे सम्भव हो तो चित्र बनायें। |
| 4. | अपने गांव का नक्शा बनायें व गांव के लोगों से गांव का इतिहास की जानकारी कर अपने शब्दों में लिखें। |
| 5. | अपने गांव की जनसंख्या लिखो। (जानकारी करके)<br>महिला व पुरूष की जनसंख्या अलग–अलग लिखो। |
| 6. | प्रतिदिन किसी पेड़ पौधे में पानी अवश्य डालें, भले ही वह पेड़ पौधे स्वयं के न हो। |
| 7. | अवकाश के दिनों में जो खेल खेले हों उनके बारे में लिखें व सम्बन्धित चित्र चिपकायें। |
| 8. | किसी आम के बाग में जाकर आम की विभिन्न प्रजातियों की जानकारी कर लिखें। |
| 9. | उत्तर प्रदेश के समस्त 75 जिलों का चार्ट बनायें। |
| 10. | अपने विद्यालय का चित्र बनाकर 10 वाक्य लिखें। |
| 11. | अपने 5 मित्रों को वह सिखायें जो उन्हें न आता हो। |
| 12. | एक जन्म दिवस कार्ड बनायें। |
| 13. | अपने मित्र के बारे में 10 वाक्य लिखें। |
| 14. | आपको अपना विद्यालय क्यों अच्छा लगता है इस सम्बन्ध में 10 वाक्य लिखो। |
| 15. | अब तक बने सभी प्रधानमंत्री की सूची एक चार्ट पेपर पर बताइये। |
| 16. | आप क्या बनना चाहते हैं और क्यों? |
| 17. | आपके परिवार में कितने सदस्य हैं सभी का विवरण लिखें। |
| 18. | आप अपनी कक्षा के सभी विद्यार्थियों की सूची बनाइये। |
| 19. | आपको खाने में क्या–क्या पसंद है सूची बनाइये। |
| 20. | ग्रीष्मावकाश में आपके द्वारा किये गये 5 अच्छे कार्यों को लिखिए। |

## कक्षा–4

### 1st Day

1 जल और सूर्य के तीन तीन पर्यायवाची शब्द लिखो।

2 तेज धवल, कीर्ति और थल के अर्थ लिखो।

3 हे जग के स्वामी प्रार्थना याद करके लिखो।

### 2nd Day

1 मैना क्यों परेशान थी?

2 कुंडे के पास पहुंचकर गौरैया ने मैना को क्या बताया?

3 लड़की रोज कुंडे में पानी क्यों भरती थी?

### 3rd Day

1 सावधान, रूचि, पूर्ण, प्रसन्न सभ्य शब्दों के विलोम शब्द लिखो।

2 सैर करने की आदत से गांधी जी को क्या लाभ हुआ।

3 निम्न शब्दों को शुद्ध रूप में लिखिए।

धार्मिक, शुलेख, शाहसी, अनुसाशन

### 4th Day

अंकों में लिखो-

1 छः हजार चार सौ तीस

2 आठ लाख बासठ हजार पांच सौ तिरसठ

3 सात लाख बारह

4 बारह लाख नौ हजार ग्यारह

### 5th Day

रेखांकित अंकों का स्थानीयमान बताइये-

1 96743

2 85432

3 46078

4 543218

### 6th Day

1 निम्न संख्याओं की पूर्ववर्ती व अनुवर्ती संख्याएं लिखिए-

1- 9779 2- 67895

3- 91000 4- 33875

### 7th Day

1 परिवार से आप क्या समझते हैं।

2 किसान का क्या काम है।

3 आप बीमार होने पर किसके पास जाते हैं?

4 सफाई कर्मी क्या-क्या काम करता है।

### 8th Day

1 घर को साफ सुथरा रखना क्यों जरूरी है।

2 आवास का क्या अर्थ है।

3 अपशिष्ट पदार्थ किसे कहते हैं?

4 बढ़ई के पेशे को क्या कहते है।

### 9th Day

1 अपना परिचय अंग्रेजी में लिखिए।

2 सप्ताह में सात दिनों के नाम अंग्रेजी में लिखिए।

3 महीनों के नाम अंग्रेजी में लिखिए।

### 10th Day

1 What is your name?

2 What is your father's name?

3 What is your mother's name?

4 In Which class do you read?

## 11st Day

1 सुल्तान अजलनशाह कप किस खेल से सम्बन्धित है। हांकी

2 उत्तर प्रदेश का प्रथम दिव्यांग विश्वविद्यालय कहां है? चित्रकूट

3 लक्ष्द्वीप की राजधानी कहां है? कवारत्ती

4 मनुष्य की खोपड़ी में कितनी हड्डियां होती है? 28

## 12nd Day

5 डब्ल्यू0एच00ओ0 का पूर्ण रूप क्या है। विश्वस्वास्थ्य संगठन

6 माउण्ट एवरेस्ट कहां स्थित है। नेपाल में

7 गोविन्द बल्लभ पन्त सागर कहां स्थित है? पिपरी, सोनभद्र

8 कान्हा किसली अभयारण्य कहां है? मध्य प्रदेश

## 13rd Day

9 अंतरिक्ष में जाने वाले प्रथम व्यक्ति कौन थे। यूरी गागरिन

10 डॉ0 भीमराव राम जी अम्बेडकर का जन्म कहां हुआ था? महू (मध्य प्रदेश में)

11 भारत में पहली रेलगाड़ी कब चलायी गयी थी? 16 अप्रैल 1853 को

12 गुड फ्राइडे त्योहार किस धर्म से सम्बन्धित है। इसाई धर्म

## 14th Day

13 राज्य सभा का पदेन सभापति कौन होता है? उपराष्ट्रपति

14 सौर मण्डल का कौन सा ग्रह है जिस पर जीवन है। पृथ्वी

15 श्रीलंका की राजधानी कहां है? कोलम्बो

16 शरीर का तापमान किस उपकरण से मापते है। थर्मामीटर से

## 15th Day

17 राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान कहां है? करनाल (हरियाणा)

18 शेख सलीम चिश्ती का मकबरा कहां है। (फतेहपुर सीकरी (आगरा)

19 इन्द्रधनुष में कितने रंग होते है। सात

20 सोनल मान सिंह का सम्बन्ध किससे है। नृत्य से

## 16th Day

21 भारत की पहली बोलती फिल्म कौन सी है। आलमआरा

22 हरे पौधों के भोजन बनाने की क्रिया को क्या कहते है? प्रकाश संश्लेषण

23 नौचंदी मेला कहां लगता है। मेरठ में

24 काली मिट्टी में अगने वाली दो फसलों के नाम बतायें। ज्वार, कपास

## 17th Day

25 मछली पालन को क्या कहते है? पिसीकल्चर

26 कचरा प्रबन्धन से क्या तात्पर्य है। कचरे का उचित निस्तारण

27 भारत के राष्ट्रगान गाने का निर्धारित समय कितना है। 52 सेकण्ड

28 किसान का मित्र किसे कहते हैं। केचुआ को

## 18th Day

29 मेवाड़ केसरी किसे कहते हैं? महाराणा प्रताप

30 विश्वहास्य दिवस कब मनाया जाता है। 5 मई को

31 विश्व मज़दूर दिवस कब मनाया जाता है। 1 मई को

32 विश्व नृत्य दिवस कब मनाया जाता है? 29 अप्रैल को

## 19th Day

33 विश्व मलेरिया दिवस - 25 अप्रैल

34 विश्व पृथ्वी दिवस - 22 अप्रैल

35 विश्व विरासत दिवस - 18 अप्रैल

36 डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जन्म दिवस - 14 अप्रैल

## 20th Day

37 जलियावाला बाग हत्या काण्ड - 13 अप्रैल 1919

38 विश्व स्वास्थ्य दिवस - 7 अप्रैल

39 भारत के राष्ट्रपति कौन है - श्री रामनाथ कोविंद

40 उ0प्र0 के मुख्यमंत्री कौन है - श्री योगी आदित्य नाथ